**SSLC HINDI *VICTERS CHANNEL* REVISION CLASS NOTE 01**

**Date: 04- 02- 2021**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) बीरबहूटी की विशेषता क्या है ?

उत्तर : बीरबहूटियाँ सुर्ख, मुलायम और गदबदी है।

2) बीरबहूटी कहानी का विषय क्या है?

उत्तर : साहिल और बेला की मित्रता।

3) बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। दुकानदार के कहने का मतलब क्या है?

उत्तर : साहिल को पैन में नई स्याही भरवानी थी। दुकान पहुँचने पर वहाँ स्याही नहीं थी। बेला बोली कि साहिल ने बची हुई स्याही भी जमीन पर छिडक दिया। दुकानदार की राय में यह बुरी आदत है। किसी बात पर केवल अंदाजा लेकर काम करना ठीक नहीं है। हमें सोच समझकर सारा काम करना चाहिए ।

4) पटकथा तैयार करते समय ध्यान देने की बातें क्या क्या है?

पटकथा में दो भाग है। दृश्य और संवाद

1. दृश्य

क) स्थान

ख) समय

ग) पात्र- नाम, आयु , वेश, भाव

2. संवाद

क) पात्रानुकूल भाषा

ख) हाव- भाव

5. बीरबहूटी कहानी से पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

दृश्य- 1

ग्रामीण इलाका । सड़क के किनारे का खेत ।समय सबेरे लगभग आठ बजे ।

( बरसात का मौसम । काले बादलों से भरा हुआ आकाश ।स्कूल की ओर जानेवाले दो बच्चे - बेला और साहिल गीली जमीन पर नजदीक बैठे हैं।आयु लगभग 11- 12 साल ।वे बीरबहूटियों को खोज रहे हैं।)

बेला : ( खुशी से) साहिल, इस बारिश में प्रकृति कितना सुंदर है।

साहिल : हाँ ।बहुत सुंदर ।

बेला: ( आश्चर्य से) देखो , इस खेत में कई बीरबहूटियाँ है ।

साहिल : ये तुम्हारे रिबन की तरह लाल है ।

बेला : हाँ।

( स्कूल की घंटी बजती है ।)

साहिल : तुमने कुछ सुना बेला ?

बेला : पहली घंटी लग गई है ।

साहिल : ( जल्दी से) लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है।

बेला : तो जल्दी मे आओ।

( दोनों दुकान की ओर चलते हैं।)

6) बेला और साहिल के गणित के माटसाब कौन है**?**

सुरेंदरजी

7) गणित के माटसाब से बच्चे क्यों डरते थे **?**

उत्तर : ज़रा सी गलती पर वे बच्चों को झापड मारते थे।इधर उधर फेंक देते थे ।

8) माटसाब मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं।बेला क्यों ऐसा सोचती है**?**

उत्तर : साहिल के मन में बेला के लिए सदा अच्छा स्थान है।उसके सामने अपमानित होने से बेला के मन में उसके प्रति ऐसे विचार आए होंगे कि वह ज़रूर उसे बुरा माना होगा।इसलिए बेला इस तरह सोचती है।

**9)** बच्चों को अपने चारों ओर खेलते देखकर गांधीजी की मूर्ति कुछ ऐसी दिखाई पड़ती जैसे और समय से कुछ अधिक मुस्कुरा रही है।इसका का क्या मतलब है**?**

उत्तर : हम जानते हैं कि गाँधीजी को बच्चे बहुत पसंद थे । बच्चों की हंसी खुशी

देखकर ,खिलखिलाहट सुनकर उनकी दोस्ती एवं प्यार को देखकर उनको भी

खुशी आयी होगी।

10) बेला आगे कहाँ पढेगी ?

उत्तर : बेला राजकीय कन्या पाठशाला में पढेगी।

11 ) साहिल कहाँ पढेगा ?

उत्तर : साहिल अकेले होस्टल में रहकर अजमेर में पढेगा ।

12) विदाई के दिन की बेला की डायरी तैयार करें।

**2021** फरवरी **13** शनिवार

आज कैसा दिन था । खुशी के और दुःख के भी। पांचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आया। स्कूल में साहिल से मिला । हम दोनों छठी में आ गए । पर हम उदास हैं। अब हम दोनों को अलग अलग स्कूल जाना पड़ेगा। मैं राजकीय कन्या पाठशाला में और वह अजमेर में। साहिल फुलेरा से दूर हॉस्टल में रहेगा । उसके बिना मैं कैसे बिताऊ । रिपोर्ट कार्ड देखते समय आँखों में आंसू भर गए । साहिल की आंखें भी लाल हो गई थी । मन बहुत भारी है। क्या करूँ . . . . . . ।

13) किसने बची हुई स्याही को जमीन पर छिटक दिया?

उत्तर : साहिल

14) उसे में निहित सर्वनाम क्या है ?

उत्तर : वह

15 ) उचित वाक्यांश चूने वाक्य की पूर्ति करें ।

★ दुकान गए ।

☆ कुछ स्याही बाकी थी ।

☆ कि स्याही की बोतल खाली है ।

☆ जमीन पर छिडक दी ।

☆ कि एक पैन स्याही भर दो ।

क) साहिल की पैन में - - - -- -- -- -- -- -- -- -- ।

ख ) साहिल ने बची स्याही - - -- -- -- -- -- -- -- ।

ग ) बेला और साहिल - -- -- -- -- -- -- -- -- -- ।

घ ) बेला ने कहा - - -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- ।

ङ) दुकानदार ने कहा - - -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- - ।

उत्तर :

क) साहिल की पैन में कुछ स्याही बाकी थी ।

ख) साहिल ने बची स्याही जमीन पर छिडक दी ।

ग) बेला और साहिल दुकान गए ।

घ ) बेला ने कहा कि एक पैन स्याही भर दो ।

ङ) दुकानदार ने कहा कि स्याही की बोतल खाली है।

16) हताशा से एक व्याक्ति बैठ गया था नामक कविता किसने लिखी ?

उत्तर : विनोद कुमार शुक्ल ।

17 ) हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था नामक टिप्पणी का रचनाकार कौन है?

उत्तर : नरेश सक्सेना

18) किसने अपरिचित व्यक्ति की और हाथ बढाया ?

उत्तर : कवि ने हाथ बढाया |

19) जानना शब्द का रूढीगत अर्थ क्या है?

उत्तर : जानने का रुढिगत अर्थ व्यकि को उसके नाम ,पते , उम्र और ओहदे से जानना है।

20) कवि की राय में जानना शब्द का अर्थ क्या है?

उत्तर : कवि की राय में हमें व्यक्त को उसकी हताशा, निराशा असहायता और संकट से जानना है।

21 ) लेखक के विचार में जानना शब्द का मतलब क्या है?

क) नाम से जानना

ख) पते से जानना

ग) हताशा से जानना

घ) उम्र से जानना।

उत्तर : हताशा से जानना

22 ) सही वाक्य चुनकर लिखें।

क ) मनुष्यों के बीच मानवीय संवेदना होना जरूरी है।

ख) मनुष्यों के बीच व्यक्तिगत जानकारियाँ होना जरूरी है। उत्तर

उत्तर : मनुष्यों के बीच मानवीय संवेदना होना जरूरी है।

23 ) टूटा पहिया का कवि कौन है**?**

उत्तर : धर्मवीर भारती ।

**24 )** टूटा पहिया किस तरह की कविता है **?**

प्रतीकात्मक कविता

25) कविता में मैं कौन है**?**

उत्तर : टूटा पहिया ।

26) टूटा पहिया क्या कहना चाहता है**?**

उत्तर : मैं टूटा हुआ पहिया हूँ। लेकिन मुझे मत फेंको।

27 ) असत्य का पक्ष किसका था **?**

उत्तर :  महारथियों का पक्ष असत्य का था ।

28 ) टूटा पहिया आगे भी क्या करना चाहता है?

उत्तर :  सत्य की रक्षा के लिए सत्य के पक्ष में खडा रहना चाहता है । अधर्म से युद्ध करना चाहता है ।

**29 )** प्रतीक और प्रतिनिधीकरण

| प्रतीक | | किसका प्रतिनिधित्व करता है । |
|---|---|---|
| महारथी | - | अधर्मी, शोषक |
| चक्रव्यूह | - | समस्याएँ |
| ब्रहमास्त्र | - | अथर्मियों की महा शक्ति |
| अभिमन्यु | - | अधर्म का विरोधी |
| टूटा पहिया | - | लघु मानव , साधारण मानव |

30 ) लोहा लेना- इसका मतलब क्या है?

सामना करना

★★★★★★★★★★★★★★★★★